बिहार सरकार
खेल विभाग

ज्ञापांक– 1/खेल 1–28/2024(पार्ट)......71....../ पटना, दिनांक 24.2........../2026

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०)
बिहार, पटना।

विषयः– पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (सौ) एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु कुल ₹5,74,33,90,125/– (पाँच सौ चौहत्तर करोड़ तैंतीस लाख नब्बे हजार एक सौ पच्चीस रूपये) मात्र प्रदत्त प्रशासनिक स्वीकृति के विरूद्ध शेष राशि ₹4,30,33,90,125/– (चार सौ तीस करोड़ तैंतीस लाख नब्बे हजार एक सौ पच्चीस रूपये) मात्र में से कुल ₹100,00,00,000.00 (एक सौ करोड़ रूपये) मात्र विमुक्त करने के संबंध में।

आदेशः– स्वीकृत।

2 मंत्रिपरिषद् की बैठक दिनांक–02.09.2025 के मद संख्या–05 में पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण हेतु पुनपुन अंचल के राजस्व ग्राम डुमरी में 100 (एक सौ) एकड़ भूमि अधिग्रहण हेतु कुल ₹5,74,33,90,125/–(पाँच सौ चौहत्तर करोड़ तैंतीस लाख नब्बे हजार एक सौ पच्चीस रूपये) मात्र के स्वीकृति के आलोक में खेल विभाग, बिहार, पटना का संकल्प संख्या–3808, दिनांक–02.09.2025 निर्गत है। तदनुसार विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–464, दिनांक–10.09.2025 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए कुल राशि ₹44,00,00,000.00 (चौवालीस करोड़ रूपये) मात्र एवं विभागीय स्वीकृत्यादेश सं०–589, दिनांक–22.12.2025 द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान करते हुए कुल राशि ₹100,00,00,000.00 (सौ करोड़ रूपये) मात्र के विमुक्ति हेतु आदेश निर्गत है।

3 विमुक्त राशि ₹100,00,00,000.00 (एक सौ करोड़ रूपये) मात्र का व्यय योजना उद्व्यय के अंतर्गत भवन निर्माण विभाग के मांग संख्या–03 के बजट शीर्ष 4059–लोक निर्माण कार्य पर पूंजीगत परिव्यय 60–अन्य भवन 051–निर्माण 0106–स्टेडियम एवं खेल संरचना विषय शीर्ष 53–02 भू–अर्जन, विपत्र कोड–03–4059600510106 (सामान्य घटक) के अंतर्गत नियमानुसार चालू वित्तीय वर्ष 2025–26 में बजट में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

4 इस आय–व्ययक के नियंत्री पदाधिकारी सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना होंगे, जिनके द्वारा आवंटन जिला पदाधिकारी, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा।

5 राशि की निकासी भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के द्वारा सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन) पटना से की जायेगी।

6 पटना प्रमंडलीय मुख्यालय में खेल अवसंरचना निर्माण कार्य हेतु उक्त विषयांकित भूमि अधिग्रहण का कार्य जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा किया जायेगा। भूमि अधिग्रहण का कार्य संलग्न नक्शा अंतर्गत मौजा, थाना संख्या, खेसरा संख्या में उल्लेखित रकबा के अनुसार किया जायेगा। तदुपरांत जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा व्यय विवरणी खेल विभाग, बिहार, पटना एवं भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को ससमय उपलब्ध कराया जायेगा।

7 उक्त विमुक्त राशि का उपयोगिता प्रमाण–पत्र एवं अंकेक्षण प्रतिवेदन बिहार वित्तीय नियमावली में निहित प्रावधानों के अनुसार ससमय खेल विभाग, बिहार, पटना को उपलब्ध कराया जायेगा।

8 स्वीकृत्यादेश प्रारूप पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार का अनुमोदन संचिका संख्या–1/खेल 1–28/2024(पार्ट) के पृष्ठ–54/टि० पर दिनांक–24/02/26 को प्राप्त है।

9 प्रस्ताव पर सचिव महोदय का अनुमोदन संचिका संख्या–1/खेल 1–28/2024 (पार्ट) के पृष्ठ–55/टि० पर दिनांक–24/02/26 को प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

24/02/26

(निरंजन कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक......71....../ पटना, दिनांक..24.2.../2026

प्रतिलिपिः– कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार (विश्वेश्वरैया भवन), पटना एवं जिला कोषागार पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक......71....../ पटना, दिनांक..24.2.../2026

प्रतिलिपिः– सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक......71....../ पटना, दिनांक..24.2.../2026

प्रतिलिपिः– जिला पदाधिकारी/जिला खेल पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक......71....../ पटना, दिनांक..24.2.../2026

प्रतिलिपिः– माननीय विभागीय मंत्री के आप्त सचिव/सचिव के प्रधान आप्त सचिव/प्र० पदा०, बजट एवं लेखा प्रशाखा/निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी/आई०टी० मैनेजर, खेल विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

24/02/26

सरकार के संयुक्त सचिव।